हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई, 2025

11 कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में गरजे ...



12 हड़ताल पर सरकार सख्त, सभी कर्मचारियों...



## खबर संक्षेप



भिवानी। लोक गायक कप्तान बिशानिया को सम्मानित करते अतिथि।

### लोकगायक बिशानिया को किया सम्मानित

**भिवानी।** म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के दिल्ली प्रमुख एवं हरियाणा संस्कृति गौरव अवार्डी हरियाणवी लोकगायक कप्तान सिंह बिशानिया को शहीद जाट मेहर सिंह ट्रस्ट द्वारा रोहतक में शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुत देशभक्ति रागनियों से प्रेरित होकर सम्मानित किया। मुख्यतिथि एडवोकेट राजबीर सिंह, ट्रस्ट के प्रधान कैप्टन सतपाल नरवाल, उमेद सिंह, सन्नी दहिया, करतार सिंह व रोहताश लाठर आदि ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के प्रधान कैप्टन सतपाल नरवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, जिसमें हमारे शहीदों के बारे में आन वाली पीढ़ियों को गायन के माध्यम से कलाकार अपनी कला के माध्यम से शहीदों द्वारा देश की रक्षा के लिए दिए बलिदान व देशभक्ति का जज्बा व जुनुन युवाओं में जागे। हनुमान कौशिक ने कप्तान सिंह बिशानिया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ऐसे-ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लें तथा युवाओं को देशभक्तों के जीवन से अवगत करवाएं। कार्यक्रम में सुरेश निंदाना, कोमल चौधरी, मनीषा दादरी, राजेश हाथी आदि ने रागनियां प्रस्तुत की।

# बलियाली में पंचायत, दादरी में पुलिस ने बंटवाई डीएपी खाद

## घंटों लाइनों में लगने के बाद भी नहीं मिल पाई किसानों को डीएपी और यूरिया खाद

■ एक आधार कार्ड पर अधिकतम चार कट्टे खाद दिए गए। मंगलवार को करीब 95 किसानों को ही खाद मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/बाढ़ड़ा/बवानीखेड़ा

अभी सही ढंग से फसलों के लिए डीएपी व यूरिया की ज्यादा डिमांड नहीं हुई, लेकिन उसके बावजूद यूरिया व डीएपी खाद के लिए जबरदस्त मारामारी मची है। भिवानी में डीएपी व यूरिया खाद के लिए घंटों तक लाइनों में खड़े होने के बाद खाद नहीं मिल पा रही है।

बलियाली में सोमवार को हुई अव्यवस्था के बाद मंगलवार को पंचायत और सहकारी समिति ने खाद वितरण की नई योजना बनाई। पंचायत प्रतिनिधियों की निगरानी में सहकारी बैंक से खाद बांटी गई। तय किया गया कि एक आधार कार्ड पर अधिकतम चार कट्टे खाद दिए गए। मंगलवार को करीब 95 किसानों को खाद मिला। किसान संतुष्ट नजर आए। व्यवस्था पहले से बेहतर रही। मौके पर पंचायत सदस्य और समिति के कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं किसानों ने बताया कि खाद नहीं मिलने के कारण उनकी फसलों प्रभावित हो रही है। जिसके चलते उपज में भी कमी आने की संभावना है लेकिन मंगलवार को खाद बांटी गई। कुछ किसान सोमवार को भी खाली हाथ लौटे थे। मंगलवार को भी उन्हें खाद नहीं मिल सका। बलियाली सरपंच सचिन सरदाना ने कहा कि वितरण में पारदर्शिता रखी गई। किसी के साथ पक्षपात नहीं हुआ। सेल्समेन आरपी सैनी ने बताया हमारी कोशिश रही कि हर किसान तक खाद पहुंचे। सीमित स्टॉक के कारण कुछ किसान वंचित रह गए। अगली खेप में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। सैनी ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा किसानों को उचित मात्रा में ही खाद वितरित की जाएगी।





बवानीखेड़ा। गांव बलियाली में खाद का बैग उठाए हुए किसान और दादरी में खाद के लिए लाइनों में लगी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने की नारेबाजी

बाढ़ड़ा सहकारी समिति में लंबे इंतजार के बाद सोमवार को बाढड़ा की सहकारी समिति में डीएपी खाद की खेप पहुंची। खाद की खबर मिलते ही बड़ी सं2या में किसान समिति कार्यालय पर एकत्र हो गए। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस बल तैनात किया और पुलिस की निगरानी में खाद का वितरण किया गया। खाद वितरण के दौरान अव्यवस्था को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। मंगलवार को ज्योंही डीएपी वितरण की जानकारी मिली तो खाद खरीदने के लिए महिलाओं को घरेलू काम काज छोड़कर खाद खरीद हेतु लाइनों में लगना पड़ा। किसानों का कहना था कि उन्हें घंटों कतार में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल सकी। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की आपूर्ति जानबूझकर धीमी की जा रही है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। मौके पर पहुंचे भाकियू के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि खाद की उपलब्धता नियमित की जाए और वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए।

### अगली खेप भी जल्द ही आने की संभावनाः अजय भामा

भाकियू जिला अध्यक्ष हरपाल भांडवा ने मांग करते हुए कहा है कि किसानों को समय से और व्यवस्थित रूप से खाद उपलब्ध करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सहकारी समिति उपमंडल कृषि अधिकारी अजय भामा का कहना है कि जो खाद उपलब्ध है,उसे पारदर्शिता से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगली खेप भी जल्द ही आने की संभावना है। उन्होंने किसानों को धैर्य बनाए रखने का आह्वान किया है। डॉ. भामा का कहना है कि जो किसान खाद खरीद हेतु पहुंचे थे उनको नियमानुसार खाद बांटी गई है। किसानों के आक्रोश को देखते हुए और शांति बनाए रखने के लिए ही पुलिस बल तैनात किया गया था। वितरण प्रक्रिया बिना किसी विवाद के संपन्न हो गई।

युवक से मारपीट का मामला

# अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर एसपी से मिले ग्रामीण

■ एसपी अर्श वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

पंचगावां के युवक से एक जुलाई मध्यरात्रि गाड़ी रोककर मारपीट करने के मामले में मुख्य दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र के ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों में रोष बना हुआ है। पीड़ति पक्ष के लोग ग्रामीण के साथ पुलिस अधिक्षक से मुलाकात की तथा त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। एसपी अर्श वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वह स्वयं सारे मामले की जांच करवा कर दोषियों को किसी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा तथा पीड़ित को पूरा न्याय दिलवाया जाएगा।

पूर्व सरपंच राजेश पंचगावां की अगुवाई में दो दर्जन सरपंचों व ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय के एसपी कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा को ज्ञापन देते हुए बताया कि उपमंडल क्षेत्र में नामजद अपराधी प्रतिनिधि आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जबकी शिना त होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र की जनता में रोष बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाक्सर बिजेंद्र सिंह व भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया के भाई वेदपाल पूनिया ने पुलिस अधिक्षक को सारी स्थिति से अवगत करवाते हुए कहा कि गांव पंचगावां के रवि कुमार पुत्र बलवंत सिंह एक जुलाई रात्रि को दवा लेने के लिए बाढड़ा गया था और रास्ते ही काकड़ौली व पांडवान के दो आपराधिक सहित आधा दर्जन अज्ञात युवकों ने गाड़ी को रुकवा कर रवि कुमार से चाबी छिन ली और विरोध करने पर लाठी डंडों से उसको बुरी तरह घायल कर दिया जिसको उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है वहीं वह किसी को बताने या पुलिस कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देकर गए हैं जिसके बाद गांव व क्षेत्र में रोष बना हुआ है तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जरुरी है। पुलिस ने इस मामले में दो ऐसे युवकों की गिरफ्तारी कर ली जो घटनाक्रम में शामिल ही नहीं थे और जो मुख्य आरोपी हैं वह खुलेआम घुम रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में शामिल भाजपा मंडल अध्यक्ष गांव पंचगावां निवासी शमशेर पंचगावां, गोपी सरंपच एडवोकेट कुलबीर श्योराण, ग्रामीण पूर्व सरपंच अतर सिंह, ईश्वर सिंह, संदीप कुमार, अतरसिंह, महाबीर सिंह, जयबीर सिंह, सत्यवान, मंदीप कुमार, महाबीर, कबूल सिंह, जगदीश, दीपक, धर्मबीर सिंह, सुनील कुमार, मनोहर लाल ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर उनको बताया कि क्षेत्र में आपराधिक वारदातें लगातार बढ रही हैं और आमजन का कस्बे से गुजरना मुश्किल हो गया है। एसपी अर्श वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वह स्वयं सारे मामले की जांच करवा कर दोषियों को किसी छोड़ा नहीं जाएगा तथा पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।



भिवानी। नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए युवक।

### पुलिस टीम ने दो आरोपियों से 08 किलो 40 ग्राम गांजा किया बरामद

**भिवानी।** प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी मनबीर सिंह द्वारा जिला पुलिस को जिले में मादक पदार्थ बेचने व रखने का कार्य करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं। जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के उप निरीक्षक संजय सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा भिवानी के पास पालूवास मोड पर मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि बस स्टैंड के पीछे मच्छी बाजार के पास दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिए खड़े हुए हैं। पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर रेड करके दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रदीप पुत्र मनबीर निवासी मानहेरू जिला भिवानी व मंदिप पुत्र मदन निवासी मानहेरू जिला भिवानी के रूप में हुई है।

# विशेष समुदाय के युवक ने हिंदू लड़की से की लव मैरिज

■ गांव में बना तनाव का माहौल, भारी पुलिस तैनात, लड़के के परिवार की दुकान बंद करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव महाराणा में विशेष समुदाय के एक युवक ने गांव की हिंदू लड़की से कोर्ट में शादी कर ली, जिसके बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। बीती रात गांव के कुछ युवकों ने प्रेम विवाह करने वाले लड़के के परिवार की दुकान बंद करवा दी। सूचना के बाद पुलिस ने गांव में डेरा डाल दिया है। युवक के घर पर भी पुलिस तैनात की गई है।

जानकारी के अनुसार गांव महाराणा निवासी विशेष समुदाय के युवक ने अपने ही गांव की हिंदू लड़की से तीन जुलाई को हाईकोर्ट में लव मैरिज कर ली। युवक व युवती दोनों एक ही गांव व अलग-अलग धर्म से होने के कारण गांव में तनाव का माहौल बन गया हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ये शादी किसी भी सूरत में मंजूर नहीं होगी, ये सामाजिक तानेबाने के खिलाफ है। बीती देर शाम गांव में शादी की बात पता चली तो कुछ युवकों ने लड़के के परिवार की दुकान बंद करवा दी, यहां से गांव में तनाव शुरू हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव में डेरा डाल दिया। ग्रामीणों ने कहा कि दूसरे धर्म के लड़के ने हिंदू लड़की को बहला फुसलाकर शादी की है, जो सामाजिक तानेबाने के खिलाफ है।

### पंचायत में फैसले का प्रयास

आठगामा खाप के संयोजक धर्मपाल महाराणा ने बताया कि लड़का और लड़की दोनों एक ही गांव से हैं और दोनों के धर्म अलग हैं। दोनों ने आपसी भाईचारे को खराब किया है। इस शादी को मंजूर नहीं किया जाएगा। तनाव को देखते हुए पंचायत ने अपने स्तर पर मामला सुलझाने का प्रयास शुरू कर दिया है। पंचायत लड़का और लड़की के परिजनों से बातचीत करने में जुटी है। ग्रामीण चाहते हैं कि दोनों यह शादी तोड़ दें। किसी भी प्रकार का विवाद बढ़ने से पहले पंचायत इस मामले को निपटना चाहती है।

**गांव में माहौल शांत, एहतियात के तौर पर लगाई पुलिस की ड्यूटीः** सदर थाना प्रभारी तेजपाल ने बताया कि गांव में माहौल शांत है। एहतियात के तौर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। लड़के के घर पर भी पुलिस लगाई गई है। हम चाहते हैं कि गांव में किसी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिए। रात को भी पुलिस की गस्त जारी रहेगी।

### गांव में भारी पुलिसबल तैनात

जब ग्रामीणों को विशेष समुदाय के युवक गांव की ही हिंदू लड़की द्वारा लव मैरिज का पता चला तो तनाव बन गया। रात को कुछ युवाओं ने लड़के के परिवार की दुकानों को बंद करवा दिया। गांव के गणमान्य लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों को गुस्से को देखते हुए पुलिस ने मामले की गंभीरता से लिया।



भिवानी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

### विश्व कप मुक्केबाजी गोल्ड मेडल जीतने वाली साक्षी ढांडा का किया स्वागत

**भिवानी।** हाल ही में कजाक्सितान में आयोजित विश्व कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता के 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता भिवानी बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज साक्षी ढांडा के स्वागत में समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में क्लब के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। मुक्केबाज साक्षी ढांडा का स्वागत करते हुए क्लब प्रधान कमल सिंह प्रधान ने बताया कि साक्षी ढांडा पहले भी जुनीयर युवा की वल्ड चैंपियन भी रह चुकी है। उन्होंने बताया कि भिवानी बॉक्सिंग क्लब से कविता चहल, इंदु, साक्षी, मुस्कान, तमन्ना समेत 150 से अधिक लड़कियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर जिले, राज्य व देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। भिवानी बॉक्सिंग क्लब आज लड़की, लडक़ी पढ़ाओ, लडक़ी खिलाओ के नारे को सार्थक करते हुए बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ा रहा है। कोच जगदीश सिंह ने बताया कि साक्षी बहुत ही होनहार मुक्केबाज है। इससे पहले भी उन्होंने प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर अपने माता-पिता व परिजनों का नाम रोशन किया है। हमें ऐसे मुक्केबाजों पर गर्व है। इससे अन्य बेटियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए। साक्षी ढांडा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच जगदीश सिंह, क्लब प्रधान कमल सिंह व परिजनों को देते हुए कहा कि उन्होंने जो मुकाम प्राप्त किया है। यह उनके उचित मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद का परिणाम है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान, सचिव कर्नल मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष चम्पा देवी, प्रशिक्षक विजयपाल, कुलदीप सिंह, दीपक मोर, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज दीपक मोर, सवीता, पूजा, सोनीका, मोनिका नैन, रूचिका, वर्षा सांगवान, रजनी सिंह, राशी शर्मा समेत अनेक खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### राकेश घणघस ब्लॉक बने प्रधान



भिवानी। गांव धनाना में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के ब्लॉक धनाना का चुनाव करवाया, जिसमें सीएचसी धनाना की नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता एमपीएचई एसोशिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने की। एमपीएचई एसोशिएशन जिला भिवानी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन राजेश कुमार हेल्थ इंस्पेक्टर ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से राकेश घणघस को ब्लॉक धनाना का प्रधान, सुमन रानी को सचिव, दर्शना देवी, मूर्ति व शर्मिला को उपप्रधान, नितिन कुमार को कोषाध्यक्ष जयबीर को ऑडिटर, हेल्थ इंस्पेक्टर प्रताप को मुख्य सलाहकार, रविन्द्र अत्री को प्रेस सचिव चुना गया और उन्हें पद गोपनियता की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पूरा करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के जनसेवा करेंगे।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**भिवानी।** रेलवे ट्रैकमैन की लंबित मांगों को लेकर नॉर्थ वेस्ट रेलवे इम्पलाइज यूनियन के उत्तर पश्चिम रेलवे के सहायक मंडल अभियंता के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और भिवानी के रेलवे के सहायक मंडल अभियंता दिनेश पुरोहित को ज्ञापन सौंपा। नार्थ वेस्ट रेलवे एम्पलाइज यूनियन के हिसार शाखा के अध्यक्ष कृष्ण कौशिक ने कहा कि ट्रैकमैन की सुविधाओं को लेकर प्रशासन निरंतर अनदेखी कर रहा है, जिसके चलते कर्मचारियों को हकों, वंचित व शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शशीप्रकाश लोहान, अनिल पहलवान, राजेश, कुलदीप खन्ना, मनोज, उदयलाल व दिनेश आदि मौजूद रहे।

रोहतक गेट से शहीद भगतसिंह चौक तक विजयी जुलूस निकाला

# स्वर्ण पदक विजेता नुपूर श्योराण का किया स्वागत



भिवानी। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में स्वर्ण पदक विजेता नुपूर श्योराण को सम्मानित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

■ कजास्तिान में 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में प्रतिभावान बेटी ने दिखाया था दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कजास्तिान में 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में कैप्टन हवासिंह अकादमी की महिला मुक्केबाज नुपूर श्योराण का भिवानी पहुंचने पर खेलप्रेमियों ने स्वागत किया। कप में 80 से अधिकतम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भिवानी पहुंची मुक्केबाज नुपूर श्योराण को रोहतक गेट से शहीद भगतसिंह चौक तक विजयी जुलूस के रूप में लाया। स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज नुपूर श्योराण द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन हवासिंह की पौत्री हैं। नुपूर के रूप में कैप्टन हवासिंह की तीसरी पीढ़ी बॉक्सिंग खेल में देश का नाम रोशन कर रही है। नुपूर श्योराण ने अपनी जीत का श्रेय अपने पिता कोच संजय श्योराण को दिया है। नुपूर श्योराण ने फाइनल कजास्तिान की मुक्केबाज को हराया। नुपूर श्योराण ने बताया कि वे अब कॉमनवेल्थ वर्ल्ड चैंपियनशिप व ओलंपिक खेल की तैयारी करेंगी। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता ने कहा कि वर्ल्ड बाक्सिंग कप में कैप्टन हवासिंह अकादमी की दो महिला मुक्केबाजों नुपूर श्योराण ने स्वर्ण व पूजा बोहरा ने रजत पदक प्राप्त किया है, जो गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी दोनों महिला मुक्केबाज अनेक प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नुपूर के पिता कोच संजय श्योराण, महासचिव प्रीतम दलाल, सूबेदार बनीसिंह, सज्जन, कृष्ण व रोहित बॉक्सर खेलप्रेमी मौजूद थे।

# एसडीएम ने गांव सिरसी में किया उप स्वास्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

■ कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति का काम समय पर पूरा हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

एसडीएम मनोज दलाल ने गांव सिरसी के राजकीय उच्च विद्यालय व उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति का काम समय पर होना चाहिए व कोई काम लंबित नहीं रखना चाहिए।

मंगलवार को एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि अध्यापक के लिए अध्यापन कार्य केवल रोजगार का साधन नहीं है वरन उनके कंधों पर समाज निर्माण की बड़ी जिम्मेवारी है। अध्यापक युवाओं के भविष्य के निर्माता है। अध्यापकों को कत्र्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से अध्यापन कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को संस्कार युक्त शिक्षा देनी चाहिए ताकि वे अपना, परिवार, समाज व देश का भविष्य उज्जवल कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे रट्टा लगाने की आदत न डालें। वे विषय को पूरी तरह से समझें व फिर उसे बार बार दोहराकर याद करें। वे किसी प्रकार का नशा न करें व अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग करें ताकि वे परिवार, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करना चाहिए।

उन्होंने उपस्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया और विभाग के चिकित्सकों व सहायक स्टाफ से कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए तत्पर रहे।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।



## लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।

**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत



शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मिल इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

***मुंबई।** 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन 11 जुलाई तक

**जींद।** शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से योग्य अध्यापकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने के लिए लिंक 11 जुलाई तक एक्टिव रहेगा। योग्य और पात्र अध्यापक 11 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है।

### बूथ लेवल अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जींद।** विधानसभा क्षेत्र 36 जींद के निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं उप मंडल अधिकारी (ना.) सत्यवान मान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशों के तहत 14 जुलाई से 17 जुलाई तक सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### आधारशिला के होनहारों ने सीए की परीक्षा में परचम लहराया

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल जींद के छात्रों ने एक बार फिर मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है। दिव्यांश जैन पुत्र अनिल जैन, अक्षित गर्ग पुत्र कृष्ण गर्ग, मोहित पुत्र अशोक कुमार, दीपांशी पुत्री भारत भूषण, अनुष्का पुत्री अनिल, सोम्या बतरा पुत्र राजेंद्र, दीपिका जैन पुत्री सतपाल ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

### रिजल्ट जारी नहीं होने से विद्यार्थी परेशान

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के विवि अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि जींद विवि के जुड़े कॉलेज यूजी 2, 4 नॉन एनईपी कोर्स के रीएग्जाम का रिजल्ट जारी न होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। बिना रिजल्ट आए एडमिशन फार्म भरने के बाद अगर पास न हुए तो पैसे बर्बाद हो जाएंगे। रोहन ने बताया कि विवि द्वारा दिसंबर 2024 में पीजी 3 सेमेस्टर में मास कम्युनिकेशन, फाइन आर्ट, म्यूजिक, मैथ्समैटिक्स, साइकोलॉजी का रिजल्ट जारी नहीं किया गया है।

### अनिल संयोजक और अमनदीप महासचिव बने

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने समाज संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नरवाना इकाई का भी गठन कर दिया है। कड़ी में समाजसेवा में लंबे समय से सक्रिय विशाल गोयल को एक बार फिर अग्रवाल समाज नरवाना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विशाल कई साल से नरवाना इकाई के अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। इसके साथ साथ युवा नेता अनिल गुप्ता को संयोजक और युवा व्यापारी नेता अमनदीप गर्ग को महासचिव नियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों की नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। गोयल ने कहा नरवाना इकाई कई साल से समाज सेवा के बेहतरीन कार्य कर रही है। इन्हीं कार्यों को देखते इस इकाई को दोबारा फिर जिम्मेदारी दी है। उम्मीद जताई है कि ये नियुक्तियां समाज में संगठनात्मक मजबूती और सेवा कार्यों को और अधिक गतिशील बनाएंगी।

## 15 को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

# कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में गरजे कर्मचारी, बनाई रणनीति

जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी बोले सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति गम्भीर नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा गवर्नमेन्ट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजि. नं. 41, मुख्यालय चरखी दादरी सम्बंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग चिड़ियाघर रोड जिला यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मीटिंग में भिवानी जिले की सभी 11 ब्रांचों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग में विशेष रूप से राज्य कार्यकारिणी के सदस्य उपमहासचिव दलबीर श्योराण, संगठन सचिव हरकेश शर्मा, प्रचार सचिव सरजीत खेड़ा, प्रांतीय मुख्य सलाहाकार सज्जन भारद्वाज, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन, जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन जिला कोषाध्यक्ष रिंकू यादव ने किया। यह जानकारी जिला प्रैस सचिव अमित कुमार जांगड़ा ने दी। जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने मीटिंग में उपस्थित सभी ब्रांचों से आये पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति गम्भीर नहीं है।

संगठन द्वारा बार-बार विधायकों, सांसदों तथा मंत्रियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी अपनी 24 सूत्रीय मांग पत्र देने के उपरांत भी इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है तथा न ही वार्तालाप के लिए संगठन को निमंत्रित किया गया। जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी की करनाल में राज्य पदाधिकारियों की हुई मीटिंग में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे तीनों विभागों (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, भवन एवं मार्ग विभाग, सिंचाई व जल संसाधन विभाग) के कर्मचारी ताऊ देवीलाल पार्क कुरूक्षेत्र में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इसी को लेकर मीटिंग में रणनीति भी बनाई गई। मुख्यमंत्री आवास के घेराव की सारी सारी जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग व प्रशासन की होगी।

मुख्य मांगें हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म अम्पाईटी, दैनिक वेतन भोगी, पंचायत के अधीन व अन्य सोर्स के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा गारंटी दी जाये, तीनों विभागों में एलटीसी से वंचित कर्मचारियों को ब्लॉक सत्र 2020-23 की एलटीसी का भुगतान किया जाये, कैशलैश मैडिकल को पूर्णतया लागू किया जाये, विभाग में कार्यरत तकनीकी पदों पर 2400 ग्रेड-पे लागू किया जाये, नई पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन बहाल की जाये, विभाग में कार्यरत सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का साइकिल भत्ता, धुलाई भत्ता सालाना देने की बजाय मासिक रूप में प्रदान किया जाए।



भिवानी । पौधरोपित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पौधों के संरक्षण से मिलता है जीवन को आयाम: पूनम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- आधुनिकता की दौड़ में हम लगातार कर रहें हैं पेड़ पौधों की कटाई

आरपीएफ चौकी इंचार्ज पूनम सैनी ने बताया कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम प्रकृति को जीवन अनुकूल बना सकते हैं तथा बेहतर पर्यावरण से जीवन को नए आयाम मिलते हैं। वे रेलवे स्टेशन के सामने स्थित महात्मा गांधी पार्क में पौधा रोपण अभियान के तहत युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दे रही थी।

महात्मा गांधी पार्क में 10 पौधे रोपित करने के बाद पूनम सैनी ने कहा कि प्रत्येक युवा को अपने जन्मदिन पर अपनी मां के नाम से कम से कम दस पौधे लगाने चाहिए और उनका पालन पोषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। क्योंकि आधुनिकता की दौड़ में हम लगातार पेड़ पौधों की कटाई कर रहें हैं और वन भी लगातार कम हो रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण प्रदान करना वर्तमान पीढ़ी की नैतिक जिम्मेदारी है। उड़ान कोचिंग सेंटर निदेशक प्रियंका ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब का दायित्व है। बिगड़ते पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़ ही एकमात्र विकल्प है। जो वातावरण को शुद्ध कर सकता है। भाजपा नेता विजय शेखावत ने कहा कि प्रकृति की गोद जब हरी भरी होगी तो यह प्रत्येक प्राणी में जीवन भी खुशहाल होगा और उनका बेहतर स्वास्थ्य होगा। इस मौके पर अनेक युवा मौजूद थे।

# भाजपा ने चुनावी वादे पूरे नहीं किए

- कांग्रेस, भाजपा सरकार की मिलीभगत के खिलाफ जनता में आक्रोश : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

प्रदेश की जागरुक जनता भाजपा की सरकार और कांग्रेस की मिलीभगत की राजनीति के खिलाफ है। जजपा के सदस्यता अभियान में प्रतिदिन रिकार्ड संख्या में महिलाओं, युवाओं का शामिल होना दर्शाता है कि जनता जजपा में अपना भविष्य सुरक्षित मान चुकी है।

यह बात जजपा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय सिंह चौटाला ने ग्रामीण क्षेत्र में नए मतदाताओं को जजपा की सदस्यता ग्रहण करवाते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 11 साल हो गए अपना जिला स्तर का संगठन भी नहीं खडा कर पाई। प्रदेश की कांग्रेस गुटों में बंटी हुई है। और जिसका फायदा भाजपा को मिल रहा है। जनता भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है। भाजपा एक भी चुनावी वायदा पुरा नही किया। भाजपा सता में आने से पहले वायदा करती थी कि सता में आने पर लाखों बेरोजगार युवाओं को रोजगार देगें। इसके विपरित युवाओं को नोकरी से हटा रही है। प्रदेश में आए दिन फिरोती, लुटपाट व डैकेती की घटनाएं हो रही है प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। डाक्टर अजय सिंह चौटाला ने जजपा संगठन निर्माण पर कहा कि हमने संगठन में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ लोगों को लिया है। जल्दी ही जिला स्तर और हल्का स्तर पर संगठन को बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान पर कहा कि हमारा सदस्यता अभियान १ जुलाई तक चलेगा। और प्रत्येक हल्के में पांच हजार सक्रिय सदस्य बनाए जाऐगें। संगठन में महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जिलाध्यक्ष रविन्द्र चरखी, प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, विजय श्योराण काकडोली, राकेश कलकल इमलोटा, सज्जन बलाली, धर्मराज फोगाट, मिडिया प्रभारी राजेंद्र हूई, भुपसिंह मांढी, कृष्ण ठेकेदार, सुबेदार कर्णसिंह, धर्मवीर फोगाट, दीपेश कारी, कृष्ण, धर्मवीर, विकास, संजय जगरामबास, आनंद, टिन्नु , हरपाल हंसावास आदि साथ थे।



भिवानी । ग्रामीण क्षेत्र में आमजन से मिलते जजपा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ .अजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

# तेजी से सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा एक पेड़ मां के नाम अभियान:विकास राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी । लघु सचिवालय परिसर में पौधरोपण करते जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल, द पटवारी एवं कानून संगठन के राज्य उपप्रधान विकास

एक पेड़ मां के नाम अभियान तेजी से सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। अभियान के तहत लोगों को अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन में सुधार हो सके। द पटवारी एवं कानून संगठन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने अपनी मां की स्मृति में लघु सचिवालय परिसर में एक आम का पेड़ लगाया।

इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने पौधरोपण किया। सुरेंद्र सिंगल व विकास राठी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाने का आह्वान किया। सिंगल व राठी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन में सुधार और पर्यावरण की रक्षा करना हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी हैं। लोगों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित करना और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, हरित आवरण में वृद्धि, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण में वृद्धि करना और पर्यावरण को बेहतर बनाना हैं।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर अधीक्षक कृष्ण नेहरा, मुकेश मलिक, सुन्दर शर्मा, कृष्ण कुमार बुरा प्रेमनगर, भगवत डब्ल्यूबीएन, पटवारी विनय पंकज, मोहित ऑपरेटर, विनेश एडब्ल्यूबीएन, मुकेश सेवादार, शुभम, संग्राम सिंह, अजीत सेवादार आदि मौजूद थे।



बवानी खेड़ा में सीवरेज का पानी मुख्य मार्ग पर। फोटो : हरिभूमि

### बवानीखेड़ा में सीवरेज व्यवस्था का निकला जनाजा, जानते हुए भी विभाग अंजान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा शहर में जगह जगह सीवरेज व्यवस्था प्रणाली बिगड़ी हुई है जिसके चलते पूरा शहर त्राहीमाम-त्राहीमाम कर रहा है लेकिन प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। अगर बात की जाए तो नागरिक अस्पताल के पास, वीके फोटो स्टेट के सामने, शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने, पुराना पटवार खाना सहित अनेक वार्डों में सीवरेज की व्यवस्था पर ब्रेक लगा हुआ है। हालांकि पुराना पटवारखाना के पास मार्ग सीवरेज व्यवस्था के दुरूस्त न होने के कारण पूरा मार्ग कंडम हो गया है जिससे ग्रामीणों में रोष है। शहरवासी हनुमान पारासर, सोमबीर वाल्मीकि, विनोद कुमार, अशोक कुमार आदि ने बताया कि प्रशासन को इस बात की खबर है लेकिन फिर भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क बनती है, सीवरेज के कारण टूटती है फिर बनती है, जनता का पैसा पानी में बह जाता है लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। लोगों ने प्रशासन से इस और सुध लेने की बात कही। दूसरी तरफ इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सीवरेज सिस्टम देख करे कनिष्ट अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इसकी सुध ली जाएगी।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में छात्रा परी को जन्मदिन पर पौधे लगाने पर किया सम्मानित

- स्कूल इनोवेशन काउंसिल की गतिविधि से छात्रों में जागा उद्यमिता का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में छात्रा परी को उसके 11वें जन्मदिन पर 11 पौधे लगाने के लिए सम्मानित किया गया। यह पर्यावरणीय कार्य उसने विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन में ग्राम विकास मंडल मिलकपुर के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक साहिल यादव एवं प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने परी को एक स्मृति चिह्न भेंट कर उसकी सराहना की। साहिल यादव ने ग्राम विकास मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करती हैं।

प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने सभी छात्रों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर इसे यादगार बनाएं। इस अवसर के उपरांत, विद्यालय की स्कूल इनोवेशन काउंसिल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पहली गतिविधि उधमी कौशल का विकास आयोजित की गई। यह कार्यक्रम स्कूल इनोवेशन एम्बेसडर बालेश्वर मेहतो द्वारा उप प्रधानाचार्या गीता यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।



कक्षा 6 से 9 एवं 11 के विद्यार्थियों ने इस गतिविधि में भाग लिया, जिसमें एक शैक्षिक वीडियो के माध्यम से उन्हें उद्यमिता के मूलभूत कौशलों की जानकारी दी गई। स्कूल इनोवेशन काउंसिल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नई सोच, नवाचार, उद्यमिता, डिजाइन थिंकिंग एवं समस्या समाधान जैसे कौशलों को बढ़ावा देना है। यह परिषद विद्यार्थियों को उनके विचारों को वास्तविक उत्पादों में बदलने और बौद्धिक संपदा की ओर प्रेरित करती है। इस प्रकार आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस ने एक ओर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तो दूसरी ओर नवाचार और उद्यमिता के बीज भी बोए।

# आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



भिवानी । ढाणी गुजरान आंगनवाड़ी में गोद भराई रस्म में भाग लेती गर्भवती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुराना बस स्टैण्ड स्थित ढाणी गुजरान के आंगनबाड़ी केन्द्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को समय-समय पर जरूरी चेकअप, आयरन की गोलियां लेने तथा पौष्टिक खान-पान संबंधित जागरूक किया। गोद भराई कार्यक्रम में संबंधित ऐरिया की सभी कार्यकर्ता सुनीता, उर्मिला, अर्चना, बबीता, अंजना, अंजू, मुनेश व सर्कल सुपरवाइजर अनीता उपस्थित रही।

**धर्म-कर्म**

## जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीमद्भागवत कथा: आचार्य मिश्र

# श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सुनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग,जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लिबर्टी सिनेमा रोड स्थित कुंगडिया मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण छठी पूजन महोत्सव के तहत जारी संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य डॉ. विनय मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वृतांत सुनाया। इस दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का व्याख्यान शुरू हुआ तो पूरा पांडाल जय हो नंदलाल की-हाथी घोड़ा पालकी से गुंजायमान हो गया।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में श्रद्धालु झूमते भी दिखाई दिए। कथा का वाचन करते हुए आचार्य डॉ. विनय मिश्रा ने कहा कि कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गए, पहरेदार सो गए, वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं, इसीलिए जीवन में प्रभु भक्ति बहुत जरूरी है, क्योंकि प्रभु भक्ति ही जीवन का आधार है। डॉ. मिश्र ने कहा कि कथा सुनने का लाभ कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है।

मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। इस अवसर पर पंडित सुशील शास्त्री जाटू लुहारीवाले, मुरारी शास्त्री, शशि शास्त्री, संजय शास्त्री व मोनू आदि मौजूद रहे।



भिवानी । श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देते आचार्य डॉ. विनय मिश्र। फोटो : हरिभूमि

### केएम स्कूल का चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में रहा शानदार परिणाम



भिवानी । परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें के.एम. पब्लिक स्कूल के सत्र 2019-20की कक्षा बारहवीं की छात्रा सोनिया बंसल,सत्र 2018-19से यशिका अरोड़ा, तुषार बंसल व आयुषी सिंघल तथा सत्र 2017-18 से छात्रा नेहा गर्ग व योगिता ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने सभी विद्यार्थियोंको बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया ने बताया कि सभी विद्यालय की मेधावी विद्यार्थी रहेहैं। इन्होंने अपने दृढ़ निश्चय व कठिन परिश्रम के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकोंसुमन पंवार, सतीश कुमार जैन, अंकुर गुप्ता व परिजनों को दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोडा, ट्रस्टी मयंक मोडा तथा समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने छात्राओं के बेहतर भविष्य की शुभेच्छा की।

**सूचना**

मैं, राजेश पुत्र राम निवास निवासी म.न. 23, मंडी टाउनशिप, भिवानी बयान करता हूँ मैं अपने पुत्र नैतिक गुप्ता के पासपोर्ट में अपने पुत्र का नाम नेतिक (Natik) से नैतिक गुप्ता (Naitik Gupta) और उसकी मां का नाम नीतू (Neetu) से बदलकर नीतू गुप्ता (Neetu Gupta) करना चाहता हूँ।

**सूचना**

मैं, मीनाक्षी तायल पत्नी मुनिंदर तायल निवासी लोहड़ बाजार, भिवानी बयान करती हूँ मैं अपना नाम मिनाक्सी (Minaxi) से बदल कर मीनाक्षी तायल (Meenakshi Tayal) रख लिया है। भविष्य में मुझे मीनाक्षी तायल के नाम से जाना व पहचाना जाये।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्गों ने संभाली पर्यावरण संरक्षण की कमान

**भिवानी।** पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अब बुजुर्गों ने कमान संभाली है। इसी के तहत वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के सदस्य चौधरी बंसीलाल पार्क में पौधों की देख रेख करते हैं। वहीं एसोसिएशन के सदस्य सेवानिवृत जेई रामजीलाल, लाला पृथ्वी, हरीराम, नत्थुराम सैनी, विजय गोयल, रणसिंह सिगड़, श्रीपाल, प्रेम मारोठिया व एसोसिएशन के प्रधान एवं एक विचार-एक सोच मंच के संरक्षक डीएस नागर ने पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत फूलदार व छायादार पौधें रोपित किए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में अधिक से अधिक पौधें लगाएं और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी लें।



### एडवोकेट मुकेश गुलिया सहित 4 ने किया रक्तदान

**भिवानी।** भिवानी के निजी अस्पताल में दाखिल बिलावल निवासी मरीज के लिए ए पॉजीटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी। मरीज के परिजनों ने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा से सम्पर्क किया तो उन्होंने तुरंत ग्रुप के सक्रिय रक्तदाताओं को सूचना दी। उन्होंने कहा कि एडवोकेट मुकेश गुलिया ने 36वीं बार, रिनेश कुमार ने 20वीं बार, राजेश निमड़ीवाली ने 22वीं बार, आनंद सोनी ने 14वीं बार व जितेंद सिंह ने दूसरी बार ब्लड बैंक पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। इस अवसर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि ये गर्व की बात है कि आज हमारे समाज मे इंसानियत जिंदा है किसी की जिंदगी बचाने के लिए मात्र फोन काल पर ही छोटी काशी के रक्तदाता रक्तदान करने के लिए तुरंत पहुंच जाते है।

### फिलिस्तीन के पक्ष में मौन आंदोलन का किया आह्वान

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी वैश्विक आह्वान गाजा के लिए मौन का समर्थन करती है, जो लोगों से हररोज आधे घंटे के लिए प्रतिकात्मक एकजुटता के रूप में अपने मोबाइल फोन बंद करने का आग्रह करता है, यह स्थानीय समयानुसार रात 9 बजे से साढ़े 9 बजे तक होगा। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने प्रेस ब्यान जारी करते हुए बताया कि हाल ही में जारी की संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कब्जे की अर्थव्यवस्था से नरसंहार की अर्थव्यवस्था तक विस्तार से बताती है कि कैसे विभिन्न बहुराष्ट्रीय निगम गाजा पर इजराइल के हमले में शामिल हैं। इन निगमों की भयावह भूमिका को उजागर किया जाना चाहिए।



माकपा नेता कामरेड

### सड़क सुरक्षा नैतिक जिम्मेदारी भी: सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा सुरक्षित सड़क्रों के नाम से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एमडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीमड़ीवाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया के मार्गदर्शन तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस जागरूकता शिविर का आयोजन भिवानी यातायात पुलिस व स्कूल प्रशासन के सहयोग से किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को सड़क्र सुरक्षा नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना और बढ़ती सड़क्र दुर्घटनाएं रोकना है।

## आज की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर आमने-सामने प्रशासन और कर्मचारी संगठन

# हड़ताल पर सरकार सख्त, सभी कर्मचारियों की छुट्टियां की रद्द, पुलिस प्रशासन भी अलर्ट

### कर्मचारी ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए झोंकी ताकत, प्रशासन ने भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारी संगठनों व प्रशासन आमने सामने आ गया। कर्मचारी नेताओं ने विभिन्न विभागों में जाकर कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में हड़ताल में शामिल होने का आहवान किया है। ताकि ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर होने की वजह से कर्मचारी विरोधी नीतियां वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर किया जा सके। इसके लिए कर्मचारी नेताओं ने कल का पूरा खाका भी तैयार किया है। हालांकि उन्होंने हड़ताल को कामयाब करने के लिए अपने पत्ते नहीं खोले है,लेकिन अंदर खाते आपस में तालमेल बैठाया जा रहा है। दूसरी तरफ हर विभाग की व्यवस्था पटरी पर बनी रहे,इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जनता के कार्य सुचारू रूप से किए जाने को लेकर प्रत्येक विभागाध्यक्ष ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के छुट्टियां रद्द कर दी है। साथ ही किसी अप्रिय घटना से बचने या कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को भी सूचित किया जा रहा है। अब देखना ये है कि कौन कितना कामयाब हो पाता है।



**लोहारू।** लोहारू नगर पालिका सचिव को हड़ताल में शामिल होने की सूचना देते हुए नपा सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### ड्यूटी करेगा रनिंग स्टाफ

हड़ताल की सबसे अहम कड़ी माने जाने वाले रोडवेज विभाग के सभी कर्मचारियों की नौ जुलाई के लिए छुट्टियां रद्द कर दी है। सभी कर्मचारियों को डयूटि पर पहुंचना होगा। रोडवेज विभाग के यातायात प्रबंधक भरत सिंह ने बताया कि लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस बारे में यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत हुई है और रनिंग स्टाफ से भी बातचीत हुई है।

रनिंग स्टाफ अन्य दिनों की तरफ डयूटी पर रहेगा और बसों को गंत्तव्य के लिए लेकर जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था किसी को हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक को भी पत्र लिखा है। साथ ही उपायुक्त से भी बातचीत हुई है। इसके अलावा हड़ताल वाले दिन मुख्यालय पर तैनात अधिकारियों के भी सम्पर्क में रहेंगे और जैसा वहां से आदेश मिलेगा। उसी हिसाब से कार्य किया जाएगा।



**लोहारू।** हड़ताल की सफलता को लेकर कर्मचारियों को निमंत्रण देते हुए।

नियमनासुर होगी कार्रवाई:भारद्वाज

शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने बताया कि अभी तक किसी शिक्षक ने उनको हड़ताल में शामिल होने का कोई नोटिस नहीं दिया है और न ही उनके पास इस तरह की कोई जानकारी है। कुछ शिक्षक कर्मचारी संगठन एसकेएस के साथ हो सकते है। उन्हीं की हड़ताल की कॉल है। उस कॉल पर कोई शिक्षक हड़ताल पर जा सकते है। अगर उसके बाद भी कोई शिक्षक या कर्मचारी हड़ताल में शामिल होता है तो उनके खिलाफ नियमनासुर कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो वे कल स्कूलों का भी निरीक्षण करेंगे। शिक्षकों की हाजिरी जांचेंगे। ताकि यह पता चल सके कि कौन कौन शिक्षक हड़ताल पर गया है।

## नपा सफाई कर्मियों का हड़ताल को समर्थन

- नपा सचिव को दी हड़ताल में शामिल होने की सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, केंद्र सरकारी कर्मचारी संघ और राज्य कर्मचारी संघों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल को लोहारू नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन ने समर्थन दिया है तथा इसकी लिखित सूचना मंगलवार को नपा सचिव तेजपाल को दी। यूनियन के प्रधान आशु व उपप्रधान अशोक वाल्मीकि ने संयुक्त बयान में बताया कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, केन्द्र सरकार कर्मचारी परिसंघ, एआईएसजीईएफ एवं राज्य कर्मचारी संघों के आह्वान पर दिनांक 9 जुलाई 2025 दिन बुधवार को राष्ट्रीय हड़ताल की जा रही है। हम सभी नगरपालिका के सफाई कर्मचारी इस हड़ताल का समर्थन करते है और सामूहिक हड़ताल पर जाने की घोषणा करते है। उन्होंने बताया कि हम सफाई कर्मचारी सरकार की उपेक्षा के शिकार होते रहे है। सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप उनकी कच्ची नौकरियों पर भी खतरा है। सरकार निरंतर ठेका प्रथा, निजीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार छीनने का काम कर रही है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाना, निजीकरण व ठेका प्रथा बंद किया जाए, नियमित नौकरी दी जाए, वेतन वृद्धि आदि मांगे सरकार को पूरी करनी चाहिए। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के लोहारु खंड प्रधान डॉ सुरेश भारद्वाज ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राजेन्द्र दरोगा, श्याम सुंदर, दीपक, विजय, बंटी, संजय, घीसा राम, अनिल, गोपाल, संजय, संपत अशोक, श्याम सुंदर, महावीर, लक्ष्मी, माया, पुष्पा, तारा, लक्ष्मी, किरण आदि सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

## बैठक में किया हड़ताल पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष विकास राठी ने नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर ओल्ड सेशन हाउस,पुरानी तहसील स्थित पटवार घर व सरल केंद्र में पटवारी व कानूनगो को कलम छोड़कर हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बैठक की । अपनी मांगों को लेकर विकास राठी ने बताया कि वर्ष 2020-2023 एलटीसी के लिए पोर्टल खोल कर बजट जारी किया जाए गिरदावरी सहायकों का बजट जारी किया जाए ,सर्कलबंदी का कार्य जल्द किया जाए, पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए, कानूनगो के उन्यासी सर्कल को फील्ड में लागू किया जाए, भत्ता आज की महंगाई अनुसार किया जाए , हरियाणा के लिए अलग वेतन आयोग किया जाए,विभागीय. परीक्षा व पदोन्नति समय पर हो। नवनियुक्त पटवारियों के लिए रेवन्यू पटवारी सर्विस रूल्स व 2011 में संशोधन की फाइल को मंजूर कर नोटीफिकेशन जारी किया जाए। 1997 बैच के पटवारियों को बिना शर्त एसीपी का लाभ मिले व पेंशन विधेयक 2025 को वापस ले या रद्द करें।

**ये रहे मौजूद**

प्रधान विक्रांत शर्मा ने कहा कि पटवारियों से अन्य विभागों से कार्य न करवाए जाए। ऑनलाइन कार्य के लिए लैपटॉप व प्रिंटर दिए जाएं। कानूनगो को पटवारियों की तरह तीन इंक्रीमेंट की स्वीकृति जल्द की जाये। इस मौके पर दिनेश ऑफिस कानूनगो, रवीन्द्र पटवारी, अशोक शर्मा कानूनगो, शैलेन्द्र कुमार, मोहनलाल पटवारी, कानूनगो मदन, कानूनगो अशोक, नरेश पटवारी, अमित गौतम, धर्मबीर पटवारी, नीतिन, मनोज वर्मा, प्रदीप,दयाराम,अरुण, मंजीत नैन, मनोज इत्यादि मौजूद रहे।

## तोशाम में कर्मचारियों की बैठक, हड़ताल पर चर्चा

- एससी, एसटी और बीसी वर्ग के कर्मचारी हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मंगलवार को एससी, एसटी व बीसी वर्ग कर्मचारी यूनियन की तोशाम सब यूनिट की मासिक बैठक सबडिवीजन तोशाम के प्रांगण में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान साधुराम चोपड़ा ने की तथा मंच संचालन महेश कुमार ने किया बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के राज्य प्रधान विजेंद्र सिंह बराड़, दक्षिण हरियाणा बिजली विभाग निगम के उपमुख्य संगठनकर्ता संजय निबंल, उप प्रधान कपूर सिंह चौहान, सिटी यूनिट प्रधान दीपक कुमार सिंगल मौजूद रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल बारे विचार-विमर्श करना था। इस दौरान यूनियन के राज्य प्रधान विजेंद्र सिंह बराड़ ने सभी कर्मचारियों को 9 जुलाई बुधवार को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर शांतिपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया और सभी कर्मचारियों ने उनको हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिलाया। उन्होंने बताया कि इस हड़ताल की मुख्य मांगे अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित सभी कर्मचारियों को सभी कैडर में प्रमोशन में आरक्षण दे व निजीकरण बिजली अधिनियम संशोधन विधेयक को वापस लिया जाए।

## किसानों की गिरफ्तारी की निंदा

- राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता व 16 को अनिश्चितकालीन पड़ाव की बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लोहारू के शास्त्री पार्क में अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी व संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सभा के प्रधान रामफल देशवाल की अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव मास्टर जगरोशन, जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान ओमप्रकाश व सचिव मास्टर जगरोशन ने कहा कि आईएमटी रोजमेवका मेवात में आंदोलनकारी 40 किसानों की रात को हुई गिरफ्तारी निदंनीय है तथा उन्हें जल्द रिहा करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में किसानों के शामिल होकर इसे सफल बनवाने का आह्वान किया। जिले में चार तरह की बिजली टावर लाईनें निकल रही है, तेल पाइप लाइने निकल रही है। किसानों को न्यायोचित मुआवजे की मांग हासिल करने के लिए संघर्ष की तैयारी के लिए किसानों को तैयारी करनी होगी। खरीफ फसल-2023 का भिवानी दादरी में 350 करोड़ बीमा फ्रॉड में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने, दोषियों को गिरफ्तार करवाने व प्रभावित पीड़ित किसानों को ब्याज समेत बीमा क्लेम की राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर 16 जुलाई को एसडीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन पड़ाव की तैयारी करने की योजना बनाई है। साथ बैठक में बढ़ाई गई बिजली दरें वापस करने, स्मार्ट मीटरों का विरोध करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बढ़ाए गए सरसों तेल की कीमतें वापस करने, किसानों को डीएपी यूरिया खाद प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाए।



**भिवानी।** किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करते किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## मंत्री आरती से मिले विधायक कपूर

- अस्पताल भवन को जल्द शुरू करवाने के लिए सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री 'आरती राव' से मुलाकात की और विधायक मंत्री को बवानी खेड़ा हॉस्पिटल बिल्डिंग का कार्य जल्द से जल्द शुरु करवाने के लिए लिखित में मांगपत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि विधायक कपूर वाल्मीकि अनेकों बार अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं और यहां के चप्पे चप्पे की खामियों को जानते हैं। सभी सुविधाओं और हाईटैक भवन व मशीनरी को लेकर पूरी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। वहीं अस्पताल में उच्च स्तर की मशीनरी हो व लोगों को सही उपचार मिले इसके साथ स्टाफ के लिए भी क्वार्टर बने इसके लिए पूरी रणनीति तैयार की हुई है।

बताया जाता है कि इसका आर्किटेक्चर द्वारा पूरा नक्शा तैयार किया जा चुका है, भवन के साथ विशाल पार्क की स्थापना होगी। इसके कार्य को शुरू करवाने को लेकर बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री 'आरती राव' से मुलाकात की। विधायक ने बताया कि उन्हें आश्वासन मिला है कि जल्द से जल्द कार्य की शुरूवात की जाएगी।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री 'आरती राव' से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपते हुए।

## राजेश घणघस प्रधान, सुमन रानी बनी सचिव

- बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक धनाना का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ सम्पन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो ब्लॉक धनाना का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सीएचसी धनाना की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्षता एम.पी.एच.ई. एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने की। मंच संचालन राजेश कुमार हेल्थ इंस्पेक्टर (पूर्व कोषाध्यक्ष एम.पी. एच. ई. हरियाणा) ने किया। एमपीएचई. एसोशिएशन जिला भिवानी के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मीटिंग में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को चुना गया।

राकेश घणघस को ब्लॉक धनाना प्रधान, सुमन रानी को सचिव, दर्शना देवी, मूर्ति देवी व शर्मीला को उपप्रधान, नितिन कुमार को कोषाध्यक्ष, जयबीर को ऑडिटर, प्रताप हेल्थ इंस्पेक्टर को मुख्य सलाहकार तथा रविन्द्र अत्री को प्रैस सचिव नियुक्त किया गया। चुनाव के बाद नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई और जिला प्रधान रवींद्र धोनी द्वारा संबोधित किया गया व राज्य प्रधान शर्मिला देवी जी द्वारा सभी समस्याओं को सुना गया ओर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। चुनाव में सीएचसी धनाना के सभी सम्मानित एम. पी. एच. एस. (पुरूष), एम. पी. एच. एस. (महिला), एम. पी. एच. डब्ल्यू. (पुरूष) और एम पी एच डब्ल्यू (महिला) उपस्थित रहे।



**भिवानी।** नवगठित कार्यकारिणी को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### अपने बच्चों को स्कूल भेजने में अभिभावकों को लगने लगा डर

## मॉडल संस्कृति स्कूल जलमग्न, 3 से 5 फीट पानी

- जलभराव से शिक्षिकों को भी स्कूल में आने पर सताता रहता है किसी अप्रिय घटना का डर, वार्ड पार्षद से की समाधान की मांग।

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बिजली निगम कार्यालय के साथ हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला प्रथम के मुख्य द्वार पर अंदरूनी व बाहरी दोनों तरफ लबालब पानी जमा है। विद्यार्थी विद्यालय में आने-जाने से कतराने लगे हैं व शिक्षकों को भी किसी अप्रिय घटना घटित होने का भय बना रहता है वहीं परिजन भी चिंतित दिखाई देते हैं। वहीं हांसी-भिवानी का नया रोड़ ऊंचा होने से भी गिरने का भय बना रहता है।



**बवानीखेड़ा।** स्कूल परिसर में जमा बारिश के पानी का दृश्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### शिक्षक हुए भयभीत

विद्यालय प्रांगण में बारिश के पानी जमा होने से विद्यालय शिक्षक भी भयभीत दिखाई दिए हुए हैं। शिक्षकों को भी भय बना हुआ है कि कही किसी बच्चे के शरारत करने पश्चात कोई बड़ा हादसा न हो जाए। इसको लेकर उन्होंने वार्ड पार्षद से बातचीत करके इस समस्या के समाधान करवाने बारे आग्रह किया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं अभिभावकों में भी इस बात को लेकर काफी रोष व्याप्त है।

**प्राइमरी स्कूल के मुख्य गेट तक भरा पानी**

बताया जाता है कि काफी समय पहले इस विद्यालय की दिवार का निर्माण लाखों रूपयों की लागत से नगर पालिका कोष से करवाया गया था। दिवार के बाहर तरफ जोहड़ स्थापित है व इसी दिवार के अंदरूनी तरफ लेवल न होने के कारण गड्ढ़ा बना हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण इस दिवार के दोनों तरफ तालाब बना हुआ है। विद्यालय के मुख्य द्वार पर दिवार के दोनों तरफ लबालब पानी भरा है। जिसमें एक में गहरा पानी भरा होने से जहां दिवार किसी समय गिर सकती है और लाखों रूपयों की खर्च व्यर्थ होगा वहीं इस जोहड़ में किसी बच्चे के गिरने से बड़े हादसे होने का भय बना हुआ है।

**नपा प्रधान ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन**

नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि बारिश के पानी की निकासी के लिए कर्मचारी दिन रात एक किए हुए हैं। विद्यालय का भी मुआयना किया जाएगा और हर संभव पानी निकासी के प्रयास किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों व स्टाफ को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

**BANWARI LAL JINDAL SUIWALA COLLEGE**
**TOSHAM (BHIWANI)**
*Govt. Aided College affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani*
**Website: www.bljspgcollege.com**

Applications are invited for the posts of Assistant Professor for Undergraduate & Postgraduate courses on regular basis under Self-Finance Scheme(SFS) and on contractual basis with consolidated salary for the academic session 2025-26 in the subjects as below:

| Regular Base Posts Under SFS | | Posts on Contract Basis | |
|---|---|---|---|
| Commerce | 3 | Geography | 1 |
| Mathematics | 3 | Psychology | 1 |
| Chemistry | 3 | Health and Physical Education | 2 |
| Physics | 3 | English | 2 |
| HIstory | 3 | Computer Science | 3 |
| Hindi | 1 | Political Science | 1 |
| | | B.B.A. | 2 |

The eligibility and qualifications as per latest norms/guidelines notified by UGC/DGHE/CBLU Bhiwani.The application along with supporting documents should reach to the office of Principal, BLJS College Tosham-127040 (Distt. Bhiwani) within 21 days from the date of this advertisement. The subject wise date of interview will be uploaded on the college website **www.bljspgcollege.com.** No TA&DA will bepaid to attend the interview.

**Note: A copy of the same application should be sent to The Dean of Colleges, CBLU Bhiwani before last date.**

**PRESIDENT** **PRINCIPAL**